MAX 30°C°F MIN 17°C°F

जनता का सबसे लोकप्रिय समाचार पत्र

# हरियाणा न्यूज फ्लैश

RNI No. HARHIN/2008/27758

संपादक - रमेश गिल्होत्रा मो. : 98122-13000

मनुष्य की सम्पत्ति ना दौलत है, ना जायदाद है। उस की असली सम्पत्ति तो उसका हँसता हुआ परिवार, अच्छा स्वास्थ्य, शुभचिंतक मित्र और स्वयं का संतुष्ट मन है।

आपकी बुलंद आवाज | e-mail : haryananewsflash01@gmail.com | www.haryananewsflash.com | DIGITAL EDITION

वर्ष - 14, पृष्ठ-04, मूल्य-04 रुपये सोमवार 13 मार्च, 2023 चंडीगढ़ * पंजाब * हरियाणा * हिमाचल * उत्तर प्रदेश व राजस्थान में लाखों पाठकों की ओर अग्रसर

आवश्यकता है

वीडियो एडिटर की, चैनल में कार्य कर रहे, अनुभवी को वरीयता।

सम्पर्क करें : 98122-13000

## गुरु ग्रंथ साहिब को प्रदर्शन स्थल पर ले जाने का मामला-समिति ने रिपोर्ट सौंपी

**अमृतसर।** गुरु ग्रंथ साहिब के 'सरूप' (प्रतिलिपि) को प्रदर्शन स्थलों पर ले जाने के संबंध में फैसला करने के लिए अकाल तख्त द्वारा गठित एक समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस समिति ने सिख धार्मिक संगठनों, शिक्षाविदों और विद्वानों के विचार प्राप्त करने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। अकाल तख्त सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था है। समिति ने अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को अपनी यह रिपोर्ट सौंपी है।

अकाल तख्त ने यह तय करने के लिए 16 सदस्यीय एक उपसमिति का गठन किया था कि क्या गुरु ग्रंथ साहिब को धरना और प्रदर्शन स्थलों के अलावा उन जगहों पर ले जाया जा सकता है, जहां पवित्र ग्रंथ का अनादर होने की आशंका होती है। उपसमिति के समन्वयक करनैल सिंह पीर मोहम्मद ने रविवार को सीलबंद रिपोर्ट ज्ञानी हरप्रीत सिंह को सौंपी।

हालांकि, उन्होंने यह कहते हुए रिपोर्ट के बारे में जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया कि यह जत्थेदार का विशेषाधिकार है। पीर मोहम्मद ने कहा कि उन्होंने और पैनल के अन्य सदस्यों ने शिक्षाविदों, विद्वानों और धार्मिक संगठनों से मुलाकात की, जिसमें दशमेश तरना दल, दमदमी टकसाल, सिख मिशनरी कॉलेज - रूपनगर, चीफ खालसा दीवान, गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल - लुधियाना और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी शामिल हैं।

अकाल तख्त सचिवालय के एक अधिकारी ने कहा कि 'पंज सिंह साहिबान' या पंज प्यारे द्वारा रिपोर्ट पर चर्चा करने के बाद इस मुद्दे पर निर्णय की घोषणा की जाएगी। बैठक 14 मार्च को स्वर्ण मंदिर परिसर में गुरुद्वारा मंजी साहिब दीवान हॉल में होनी है।

यह मुद्दा पिछले महीने की अजनाला की घटना के बाद सामने आया था, जब कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह और उनके समर्थकों ने अवरोधक तोड़ दिए थे और अमृतसर शहर के बाहरी इलाके में एक पुलिस थाने में घुस गए थे और पुलिस से भिड़ गए थे। प्रदर्शनकारी अमृतपाल के एक सहयोगी की रिहाई की मांग कर रहे थे।

## राजभवन का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों की पुलिस से भिड़ंत

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में अडाणी ग्रुप और मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में पुलिस और कांग्रेस आमने-सामने हो गई। कांग्रेस पंजाब राजभवन का घेराव करने जा रही थी कि बीच में पुलिस ने उन्हें रोक लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगाई गई थी। वर्कर उन बैरिकेडिंग को लांघ रहे थे। इस पर पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज भी किया।

कांग्रेस ने सोमवार को सेक्टर 18/19 लाइट पॉइंट से पंजाब राजभवन तक का घेराव करने का कार्यक्रम बनाया था। प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए चंडीगढ़ पुलिस ने बैरिकेडिंग की हुई थी और बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स



तैनात की थी । इस दौरान कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता बैरिकेड्स के ऊपर चढ़ते नजर आए। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज भी किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता भी शामिल हुईं। इस दौरान चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रधान हरमोहिंदर सिंह लक्की ने कहा कि बढ़ती महंगाई से चंडीगढ़ समेत देश का हर आम नागरिक परेशान है। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए कांग्रेस की यह लड़ाई लगातार जारी रहेगी। वहीं इसके साथ कांग्रेस ने चंडीगढ़ में पेड पार्किंग घोटाले समेत पानी के रेट बढ़ाए जाने और घरेलू गैस सिलेंडर के रेट बढ़ाए जाने पर भी केंद्र सरकार को घेरा।

## छोटी खबरें

### वायु सेना में अग्निवीर के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**फतेहाबाद।** भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ स्कीम के अंतर्गत होने वाली अग्निवीर वायु चयन परीक्षा के लिए अविवाहित लड़के-लड़कियों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक आवेदनकर्ता 17 मार्च को सुबह 10 बजे से 31 मार्च को शाम 5 बजे तक वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए विंग कमांडर आशीष दुबे ने बताया भारतीय वायु सेना में चयन निष्पक्ष और पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर होता है। इसलिए ऐसे सभी व्यक्तियों से बचना चाहिए, जो एजेंट के रूप में कार्य करते हैं तथा भर्ती या चयन की जिम्मेदारी लेते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए पंजीकरण और परीक्षा शुल्क 250 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइट पर लॉगिन किया जा सकता है। विंग कमांडर श्री दुबे ने बताया कि केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे तथा इच्छुक आवेदनकर्ता 31 मार्च, 2023 को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन पंजीकरण वेबसाइट पर करवा सकते हैं।

### एच3एन2 वेरिएंट का संक्रमण इन्फ्लूएंजा वायरस से फैलता है-सीएमओ

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार व इन्फ्लूएंजा के संभावित बढते खतरे को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने सोमवार को कार्यालय में जिले के सभी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों व चिकित्सा अधिकारियों की मीटिंग ली। सिविल सर्जन ने बैठक में उपस्थित विभाग के सभी अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि एच3एन2 वेरिएंट का संक्रमण इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण फैलता है। यह एक फ्लू है जिससे संक्रमित होने पर तेज बुखार, नाक बहना, खांसी, गले में खराश, बदन दर्द, उल्टी, दस्त व ठंड लगना इत्यादि जैसे लक्षण देखे जा सकते है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि कुछ सावधानियां रखने की आवश्यकता है। मास्क पहने व भीड़ भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचे। क्योंकि यह एक वायरल बीमारी है इसलिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैल सकती है। खांसते व छींकते समय मुंह और नाक ढक कर रखे।

## मोहाली बॉर्डर पर बंदी सिखों को लेकर धरना, मटौर बैरियर अभी भी बंद

**चंडीगढ़।** सिखों की रिहाई की मांग को लेकर चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर 7 जनवरी से जुटे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को जल्द पूरी तरह हटाए जाने और सड़क खाली करवाने की कार्रवाई शुरू हो सकती है। यहां से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर पंजाब सरकार को 22 मार्च को जवाब देना है। इसी बीच चंडीगढ़ से मोहाली को कनेक्ट करने वाली सेक्टर 52/53 की डिवाइडिंग रोड खोल दी गई है।

वहीं दूसरी ओर सेक्टर 51/52



(हिमालय मार्ग) मटौर बैरियर अभी तक बंद है। चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि जैसे ही सड़क क्लियर होती है तो उसकी जानकारी दी जाएगी। मोहाली को जाती सेक्टर 52/53 की डिवाइडिंग रोड पर मोहाली और चंडीगढ़ की तरफ लगाए गए बैरिकेडिंग्स को हटा दिया गया है। हालांकि सुरक्षा के लिहाज से कुछ पुलिसकर्मी यहां पर तैनात हैं। 8 फरवरी को चंडीगढ़-मोहाली बैरियर पर हुई हिंसा के बाद 500 के लगभग पुलिसकर्मी, दंगा-विरोधी टीमें और माउंटेड पुलिस तैनात की गई थी। सेक्टर 51/52 और सेक्टर 52/53 वाली सड़कों पर हिंसा के दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। ऐसे में कानून व्यवस्था की स्थिति भी देखी जा रही है।

## फतेहाबाद में बदमाशों ने कार-कैश सहित मोबाइल फोन भी छीना



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में बढ़ते क्राइम के खिलाफ 14 मार्च को प्रस्तावित शहर बंद को लेकर जनसंगठन व पुलिस आमने-सामने हैं। इसी बीच आज फिर लूटपाट की घटना सामने आयी। फतेहाबाद से मोहाली के लिए किराये पर की गई कार को 2 युवक रतिया रोड ओवरब्रिज के नीचे छीन कर फरार हो गए। युवकों ने ड्राइवर से मारपीट की और उसके हाथ बांध कर छोड़ दिया। बदमाश 4200 रुपए और उसका मोबाइल फोन भी ले गए।

प्रोफेसर कॉलोनी निवासी हरिंद्र सिंह ने बताया कि वह बतरा कॉलोनी निवासी अरुण की गाड़ी पर बतौर ड्राइवर नियुक्त है। जवाहर चौक निवासी बबलू के कहने पर आज तड़के साढ़े 3 बजे वह सवारी उठाने के लिए रतिया बाइपास पुल के नीचे पहुंच गया। वहां 2 युवक आए और मोहाली चलने को कहा। लड़के गाड़ी में बैठे तो वह बाइपास होते हुए भूना रोड की तरफ चल पड़ा। उसने बताया कि रास्ते में माजरा रोड कट पर गाड़ी यह कहकर रुकवाई गई कि यहां एक और युवक को लेना है। एक लड़का नीचे उतर कर फोन पर किसी से बात करने लगा। पीछे बैठे दूसरे लड़के ने पीछे से उसके ऊपर कंबल डाल कर पिछली सीट पर खींच लिया। उसने बताया कि इतने में दूसरे युवक ने गाड़ी को यू-टर्न लेकर वापस रतिया रोड पुल के नीचे ले आए।

यहां उससे मारपीट की गई और उससे मोबाइल व 4200 रुपए की नकदी छीनी और उसके हाथ बांध दिए। उसने बताया कि आरोपी उसे नीचे उतार कर गाड़ी लेकर सिरसा रोड की तरफ फरार हो गए। यहां से वह भाग कर करीब आधा किलोमीटर दूर गुरू नानक पुरा चौकी के पास पंप पर पहुंचा और हाथ खुलवाकर गाड़ी मालिक को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

## शहीद व देशभक्तों की याद में सीपीआई (एम) का 7वां श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

**डेराबस्सी (हरदीप सिंह)।** गुलाबगढ़ रोड स्थित कॉमरेड रतन सिंह मार्क्सवादी चेतना केंद्र में चेतना केंद्र के ट्रस्टीज ने शहीदों और देशभक्त नेताओं के संयुक्त 7वां स्मृति समारोह का आयोजन किया। महरुम कम्युनिस्ट नेता कॉमरेड रतन सिंह हैबतपुर, कॉमरेड डॉ शेर सिंह, शहीद डॉ प्रेम सिंह भारद्वाज, कॉमरेड बाबा सुंदर सिंह कलसियान, मास्टर बचन सिंह खासपुर, कॉमरेड इस्सर सिंह सोढ़ी, ज्ञानी मिल्खा सिंह बनूर, शहीद कॉमरेड इंद्रजीत सिंह भगराना को याद कर श्रद्धांजलि दी गई। माकपा के प्रदेश सचिव सुखविंदर सिंह



सेखों विशेष रूप से मौजूद रहे जबकि तहसील सचिव कामरेड श्याम लाल हैबतपुर ने मंच संचालक थे। इस मौके पर प्रदेश सचिव कामरेड सुखविंदर सिंह सेखों, कुलदीप सिंह, भूप चंद चन्नों, गुरचरण सिंह खासपुर, सियाम लाल हैबतपुर, बसंत सिंह ईस्सापुर, लाभ सिंह लालडू और कौल सिंह लालडू ने उक्त शहीदों और देशभक्त नेताओं को श्रद्धांजलि दी। सेखों ने देश और प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात की जानकारी दी। केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट पर बोलते हुए सेखों ने कहा कि मनरेगा में 33 फीसदी की कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि आरएसएस और मोदी सरकार के साथ कॉर्पोरेट घरानों का गठजोड़ तोड़ने के लिए सभी पार्टियों को साथ आना होगा। राज्य सरकार पर बोलते हुए कामरेड सेखों ने कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है. जेलों समेत पूरे पंजाब में नशा और गैंगवार दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों को शहीदों के जीवन के बारे में बताते हुए अपने विचार साझा किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## बहादुरगढ़ में श्रद्धालुओं की बस पलटने से 35 से ज्यादा लोग घायल

**बहादुरगढ़ ।** बहादुरगढ़ में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां नेशनल हाईवे 9 पर खाटू श्याम के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में 35 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को बहादुरगढ़ के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। इनमें से एक वर्षीय मासूम बच्ची सहित तीन घायलों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। हादसा रोहद गांव के पास हुआ। सभी घायल दिल्ली के रावल नगर क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ये लोग रविवार की सुबह दिल्ली के रावल नगर क्षेत्र स्थित सिग्नेचर ब्रिज के पास से बस में सवार होकर खाटू श्याम मंदिर में मत्था टेकने के लिए निकले थे। दर्शन के बाद वापस आ रहे थे। इस बीच जब बस दिल्ली-रोहतक नेशनल हाईवे पर रोहद गांव के पास पहुंची तो वह डिवाइडर से टकराकर पलट गई।



बताया जा रहा कि बस में श्रद्धालु क्षमता से अधिक थे। बस के पलटते ही चीख पुकार मच गई। आनन फानन में राहगीरों ने तुरंत घायलों को संभाला और बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल ले गए।

ड्राइवर समेत कुल 35 लोग चोटिल हुए हैं, इनमें कई महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। एक वर्षीय बच्ची सहित तीन लोग पीजीआई रेफर किए गए हैं। बाकी सभी स्थानीय अस्पताल में भर्ती हैं।

हादसे की मुख्य वजह ड्राइवर का नशे की हालत में होना और तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना बताया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची है और जांच शुरू की। ड्राइवर अभी गायब है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है।

## गोरक्षा के नाम पर गुंडई पर सरकार लगाएगी लगाम

**चंडीगढ़।** गोरक्षा के नाम पर होने पर वाली गुंडई पर अब हरियाणा सरकार लगाम लगाएगी। इसके लिए हर जिले में गोरक्षा संगठन का सरकार गठन करने जा रही है। प्रयोग के तौर पर राज्य की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले गुरुग्राम से इसकी शुरुआत होगी। इस संगठन में सरकार अधिकारियों को भी शामिल करेगी। गुरुग्राम प्रशासन 17 मार्च को इसको लेकर बैठक करने जा रही है। इसके बाद सरकार दूसरे जिलों को लेकर कार्ययोजना बनाएगी। हरियाणा में गो-तस्करी के 2 संदिग्धों की मौत में कथित गौ रक्षकों की संलिप्तता उजागर होने के बाद सरकार को इस ओर काम करना पड़ रहा है। इस मामले में पुलिस और सरकारी अधिकारियों के साथ कई तस्वीरें ऐसे सामने आई हैं, जिनमें अपराधियों की उपस्थिति ने चौंका दिया है। इसके बाद सरकार इस मामले को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है।

## द ब्लिस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में गेट टू गेट मीटिंग आयोजित, बताई हॉस्पिटल की सुविधाएं

**पंचकूला।** सेक्टर 20 पंचकूला स्थित द ब्लिस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लोगों को बेहतरीन सुविधा देने व हॉस्पिटल की सेवाओं के प्रति जागरूक करने हेतु सेक्टर 20 की विभिन्न रेसिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के साथ गेट टू गेट मीटिंग यहाँ आयोजित की।

यह बैठक हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ विनोद निम्ब्रान की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी जिसमें सेक्टर 20 की विभिन्न रेसिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के लगभग 60 प्रेसिडेंट व जनरल सेक्रेटरी ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ विनोद निम्ब्रान इस बैठक में हॉस्पिटल के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हॉस्पिटल सभी चिकित्सा सुविधाओं से लैस है तथा यह 24 घण्टे 7 दिन की सुविधा लोगों को प्रदान करता





है। इसके साथ ही इमरजेंसी सुविधा भी यहाँ उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि 7 दिन यहां ओपीडी की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस मौके पर हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ रजनी परिहार, डॉ शैलेन्द्र सिंह राखी, यूनिट हेड सी डी ठाकुर, रेसिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट के.के जिंदल, जनरल सेक्रेटरी अविनाश मालिक व योगिंद्र कवात्रा, जिले सिंह भी मौजूद थे।

**हॉस्पिटल सभी चिकित्सा सुविधाओं से लैस है तथा यह 24 घण्टे 7 दिन की सुविधा लोगों को प्रदान करता है: डॉ विनोद निम्ब्रान**

DIGITAL EDITION

# हरियाणा न्यूज़ प्लैश

सोमवार, 13 मार्च 2023



## छोटी खबरें

## कैथल के एसपी की फेक आईडी बना मांगे रुपये

**कैथल ।** कैथल में साइबर ठगों ने एसपी मकसूद अहमद की फेक आईडी बनाकर लोगों से पैसे की डिमांड की है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इससे पहले कलायत के डीएसपी सज्जन सिंह का वॉट्सऐप पर फेक अकाउंट बनाकर रुपए हड़पे गए थे। बताया गया गया है



कि एसपी मकसूद अहमद की फेसबुक आईडी से फ़ोटो उठाकर इंस्टाग्राम की नई आईडी बनाई है। इसमें हूबहू इंस्टाग्राम पर एसपी की तरफ से डाली गई फ़ोटो फेक आईडी पर डाली गई गई हैं। इस मामले में एसपी का कहना है कि उन्हें सूचना मिली है। इसके बाद अज्ञात की जांच शुरू कर दी गई है। एसपी की नकली आईडी बनाने के मामले में अज्ञात व्यक्ति एसपी के नाम से रुपए मांग रहा है। इसमें नकली आईडी से अज्ञात बोला कि आपसे काम है। कुछ रुपयों की जरूरत है। आप रुपए दे दें, वह एक दिन बाद रुपए वापस कर देगा।

## नशीला पदार्थ अफीम तस्कर गिरफ्तार, 900 ग्राम बरामद

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर श्री संजय कुमार व पुलिस उपायुक्त सुमेर प्रताप के मार्गदर्शन में क्राईम ब्रांच सेक्टर 26 पंचकूला इन्सपेक्टर मोहिन्द्र सिंह व उसकी टीम द्वारा नशीला पदार्थ अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान रवि कुमार पुत्र दर्शन लाल वासी गांव श्यामटू जिला पंचकूला के रुप में हुई । क्राईम ब्रांच सेक्टर 26 पंचकूला की टीम गस्त पडताल करते हुए गाँव कनौली चण्डीमन्दिर की तरफ मौजूद थी तभी पुलिस को गुप्त सूचना मिली की उपरोक्त आरोपी रवि कुमार वासी श्यामटू जो की अवैध नशीला पदार्थ अफीम बेचनें का काम करता है जिस बारें सूचना प्राप्त करके पुलिस क्राईम ब्रांच की टीम नें बस स्टाप गांव श्यामटु के पर चेकिंग करते हुए गांव श्यामटु के बस स्टाप से एक व्यकित को काबू किया ।

## जिसकी भक्ति जिसकी पूजा उसका ज्ञान जरूरी है

**मनीमाजरा।** जिसकी भक्ति जिसकी पूजा उसका ज्ञान जरूरी है। निरंकार की अनुभूति केवल सत्गुरू द्वारा प्रदत ब्रह्मज्ञान से ही संभव है।यह भाव श्री राकेश मुटरेजा, मैंबर इंचार्ज ब्रांच प्रशासन, राजस्थान व प्रकाशन विभाग द्वारा मौली जागरां स्थित सन्त निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित जोनल स्तर के विशाल निरंकारी संत समागम के दौरान व्यक्त किए गए। जीवन में ज्ञान प्राप्त करने की चार अवस्थाएं होती है। उन्होंने इन अवस्थाओं को एक उदाहरण के साथ समझाया। पहली अवस्था श्रवण ज्ञान होती है। जिस प्रकार एक बच्चे का जन्म होता है तो वे केवल श्रवण मात्र से मां , पिता व अन्य रिश्तों का उच्चारण करना आरंभ कर देता है। दूसरी अवस्था पठन ज्ञान की होती है। जिसमें एक उदहारण दिया की यदि किसी का गला सूख रहा हो तो उसकी प्यास तो पानी से बुझती है। पानी हाईडोजन व ऑक्सीजन से मिलकर बनता है।

## सीएम के सपनों को साकार कर रहें है रणधीर सिंह धीरू-पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर



**हरियाणा/ हिसार (मुनीश सलूजा)।** श्री रिसाल सिंह धमार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 101 खिलाडिय़ों, विद्यार्थियों, पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक संस्थाओं व हस्तियों को सम्मानित किया गया। पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू की अगुवाई में बरवाला की नई अनाज मंडी में आयोजित इस मधुर मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य एवं पूर्व चेयरपर्सन ज्योति बैंदा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष ग्रोवर बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। बाबा इच्छापुरी डेरा मतलौडा की महामंडलेश्वर साध्वी शक्ति पुरी का विशेष सान्निध्य रहा।इस दौरान मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष ग्रोवर ने कहा कि हिसार भाजपा के सचिव एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने हमेशा ही अन्तोदय की भावना को जमीन पर उतारने कार्य किया है। साथ ही इन्होंने माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के उन सपनों को साकार करने का प्रयास किया है, जिनको लेकर मुख्यमंत्री जी लंबे समय से कृत संकल्प थे। उन्होंने कहा कि हिसार में पीपीपी मॉडल की खामियों को दूर करने एवं बुजुर्गों को सम्मानित करने सराहनीय एवं ऐतिहासिक कार्य है, जिनके बदौलत धीरु भाई ने प्रदेश स्तर पर अपनी अलग छाप छोड़ी है। उन्होंने बरवाला की जनता को किस्मत का धनी बताया कि उन्हें चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू जैसा साथी मिला है, जो कि स्वयं उनके काम करने एवं करवाने के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं।

## दो दिवसीय शूलिनी लिटफेस्ट में रस्किन बॉन्ड 17 मार्च को देंगे अपनी प्रस्तुति

**चंडीगढ़।** प्रतिष्ठित शूलिनी लिटरेचर फेस्टिवल का तीसरा संस्करण 17 और 18 मार्च को हिमाचल प्रदेश में सोलन स्थित शूलिनी यूनिवर्सिटी के पिक्चरक्यू कैंपस में आयोजित किया जाएगा। शूलिनी यूनिवर्सिटी कैंपस में फिक्शन, कविता, फिल्म, फूड और अन्य सहित विभिन्न शैलियों में अपने काम के बारे में बात करने के लिए लगभग 50 प्रतिष्ठित वक्ताओं की मेजबानी करने के लिए तैयार है।भारत के सबसे विपुल और लोकप्रिय लेखकों में से एक रस्किन बॉन्ड 17 मार्च को लिटफेस्ट में मुख्य भाषण देंगे। प्रमुख प्रवासी



उपन्यासकार चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी दूसरे दिन की मुख्य वक्ता होंगी। उनके उपन्यास, 'पैलेस ऑफ इल्यूजन', और 'द लास्ट क्वीन' शीर्ष पर बने हुए हैं और उनके नवीनतम उपन्यास का शीर्षक 'इंडिपेंडेंस'है।भाग लेने वाले लेखकों में फिल्म निर्माताओं और पत्रकारों में प्रसिद्ध नाटककार महेश दत्तानी, राज शेखर, 'तनु वेड्स मनु', 'वीरे दी वेडिंग' और 'उरी' जैसी फिल्मों के कवि और गीतकार, 'छपाक' और 'मार्गरीटा विद ए स्ट्रॉ',प्रशंसित फिल्मों के लिए पटकथा लेखक अतिका चौहान, , जिन्हें भारत की अगाथा क्रिस्टी के रूप में जाना माना नाम मंजिरी प्रभु, डॉक्टर से फूड लेखिका बनी नंदिता अय्यर; प्रसिद्ध फिल्म इतिहासकार पवन झा; पत्रकार और लेखिका शुमा राहा, अंकित झांब और कॉर्पोरेट जगत के नेता जो लेखन से प्यार करते हैं ममता चंदर और अनुभवी हिंदी लेखक और पुरस्कार विजेता कवि चंदर त्रिखा के नाम शामिल हैं।लिटफेस्ट की तैयारी के प्रमुख डॉ. आशु खोसला ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दो दिवसीय लिटफेस्ट में बुक साइनिंग, स्टोरी टेलिंग सेशन, राइटिंग कॉम्पिटीशन आदि जैसे कई अन्य कार्यक्रम मुख्य आकर्षण केंद्र होंगे। शाम को संगीतमय कार्यक्रम की योजना बनाई गई है।

## फतेहाबाद में प्रतिबंधित हुक्का पीते मिले कई युवक

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद शहर बंद के आह्वान के बाद पुलिस लगातार अलर्ट नजर आ रही है। बीती देर शाम महिला पुलिस और सीआईए स्टाफ ने शहर के 3 स्पा सेंटरों पर रेड की, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला। वहीं देर शाम को ही शहर थाना प्रभारी बने सुरेंद्र कंबोज ने खैराती खेड़ा रोड पर गेम पॉइंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर छापा मार कार्रवाई की। मौके पर कई युवक हुक्का पीते पाए गए। किसी प्रकार का लाइसेंस या परमिट



संचालक के पास नहीं था। पुलिस ने सरकार के आदेशों की अवहेलना कर चल रहे हुक्का बार के संचालक के खिलाफ पुलिस ने आईपीसी की धारा 269, 270 व सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार खैराती खेड़ा रोड पर खुले गेम्स पाइंट पर पूल और स्नूकर आदि गेम्स खेलने युवा पहुंचते हैं। लेकिन यहां पर हुक्का पिलाए जाने की भी शिकायतें पुलिस को मिल रही थी। शहर थाना प्रभारी का तबादला होने के बाद शाम को ही कुर्सी संभालने वाले एसएचओ सुरेंद्र कंबोज ने अपनी पहली रेड इसी गेम्स पाइंट पर मार दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां देखा गया कि हुक्का सरेआम परोसा जा रहा था और कुछ युवा हुक्का के कश लगा रहे थे। संचालक नहर कॉलोनी निवासी दीपक इस बारे में कोई परमिट या लाइसेंस नहीं दिखा पाया। पुलिस ने मौके से काफी संख्या में हुक्का व फ्लेवर आदि बरामद किए। पुलिस ने मामला दर्ज कर हुक्का बार को बंद करवा दिया है।

## सामाजिक संगठनों द्वारा फतेहाबाद बंद के ऐलान से पुलिस की नींद उडी



**फतेहाबाद।** शहर में बढ़ते क्राइम के खिलाफ सामाजिक संगठनों के बंद के आह्वान के बाद फतेहाबाद पुलिस पूरे फुल एक्शन मोड में नजर आ रही है। आज एसपी आस्था मोदी ने भी फतेहाबाद के पुराना बस स्टैंड स्थित नाके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सामाजिक संगठनों द्वारा बंद के ऐलान के बाद पूरा पुलिस महकमा फील्ड में उतर आया है और पूरे जिले में नाकाबंदी कर दी गयी है। फतेहाबाद शहर में एंट्री करने वाले चौक चौराहों पर नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग बढ़ा, वहीं पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने कहा कि इन नाको पर चेकिंग की जाएगी और रिकॉर्ड मेंटेन रखा जाएगा। समाजिक संगठनों के बंद के आह्वान पर बोलते हुए एसपी आस्था मोदी ने कहा कि अगर उनको कोई प्रॉब्लम है तो हमें बताएं, हमारी पुलिस पब्लिक के लिए काम कर रही है...

## 12वीं के छात्र को पोल्ट्री फॉर्म पर ले जाकर लाठी-डंडों से पिटाई की, पिस्तौल तानीं

**पानीपत ।** पानीपत में परीक्षा केंद्र में हुई कहासुनी का बदला लेने के लिए एक गुट ने 12वीं के छात्र को खूब पीटा। आरोपी उसका अपहरण कर ले गए और एक पोल्ट्री फॉर्म हाउस पर ले जाकर उसकी लाठी-डंडों से पिटाई की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसे देसी पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की भी धमकी दी। किसी तरह छात्र उनके चुंगल से छुटा और तुरंत घर पहुंचा। परिजन उसे सिविल अस्पताल में ले गए। जहां वह तीन दिन से उपचाराधीन है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन नामजद समेत 10 अन्यों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। माडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में आदित्य ने बताया कि वह गांव भादड, इसराना का रहने वाला है। वह गांव कालखा के सरस्वती स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र है। 12वीं कक्षा में ही पढ़ने वाले अंकित निवासी रामनगर का परीक्षा केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव जाटल में है। 4 मार्च को उसकी हिंदी की परीक्षा थी। परीक्षा में सिटिंग के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिस पर आरोपी अंकित ने उसके साथ बदसलूकी व धक्का मुक्की की थी। इतना ही नहीं, आरोपी ने इसका अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। 10 मार्च को आदित्य की फिजिक्स की परीक्षा थी। वह अपने चचेरे भाई शुभम के साथ अपनी बाइक पर सवार होकर परीक्षा के बाद घर जा रहा था। इसी दौरान अंकित, विष्णु, राहुल व अन्य 8-10 लड़के चार-पांच बाइक पर सवार होकर आए और उनकी बाइक के आगे अड़ाकर रोक लिया। उन्होंने कहा कि वे 4 मार्च को हुई कहासुनी का मचा चखाएंगे।

इसके बाद आरोपी उसे अपनी बाइक पर अपहरण कर गांव बिंझौल के पास पोल्ट्री फार्म पर ले गए। जहां आरोपियों ने उस पर एकमत होकर लाठी-डंडों से पीटा। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसे देसी पिस्तौल दिखाते हुए कहा कि किसी को भी इस बारे में शिकायत की तो वे उसे गोली मार देंगे। आदित्य ने अपने बचाव में शोर किया तो मौके पर राहगीर आने लगे।

## मरणोपरांत नेत्र दान कर दो लोगों को रोशनी दी

**रतिया (नीटू गोयल)।** डेरा सच्चा सौदा ब्लॉक रतिया के सेवादार दलीप सिंह लांगरी की धर्मपत्नी पत्नी का सुबह ह्रदय गति रूकने से निधन हो गया व उनके परिजनों ने उनकी आंखें दान की तथा बेटियों ने अर्थी को कंधा दिया। डेरा सच्चा सौदा ब्लॉक रतिया के सेवादार दलीप सिंह लांगरी की धर्मपत्नी पत्नी मरिया बाई (71)वर्षीय का आज सुबह ह्रदय गति रूकने से निधन हो गया । जिनके निधन के उपरांत उनके परिजनों में उनके बेटे बूटा सिंह ,सुरेंद्र सिंह व बलदेव सिंह ने अपनी माता की इच्छा अनुसार उनकी आंखें दान की। जहां ये आंखें सुरिक्षत उत्सर्जित करवाकर आई बैंक में भेजी गई । जहां ये आंखें किन्ही दो जरूरतमंद की रोशनी के काम आएंगी। पूज्य गुरु संत डॉक्टर



गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा की चलाई हुई मुहिम बेटा बेटी एक समान के तहत बेटियों ने अर्थी को कंधा दिया। बेटा बेटी एक समान मुहिम के तहत मरिया बाई की पुत्री छिन्दों बाई व उनकी पोत्री सुनीता रानी ने अर्थी को कंधा देकर बेटा बेटी एक समान की मुहिम को सार्थक सिद्ध किया। प्यारेलाल इंसा, सूबेदार जसवीर सिंह, शामवीर इंसा, गुरदेव सिंह, आशा सिंह ,बलवंत इंसा, विजय सोनी इन्सां,राम भूषन् इन्सां,लोक चन्द इन्सां, नगरपालिका के वाइस चेयरमैन जोगिंदर नंदा के अलावा रिश्तेदार मौजूद थे।

## मांगों पर अमल नहीं किया गया तो देंगे धरना - एसबीआई वीआरएस 2017 एंप्लाइज एसोसिएशन

**चंडीगढ़ (सोहन रावत)।** पिछले कई वर्षों से अपनी जायज मांगों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के समक्ष रखने के बावजूद भी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी । उन्हें रिटायरमेंट पर एसबीआई ने कई प्रलोभन भी दिए लेकिन उन्हें 2017 से लेकर आज तक पूरा नहीं किया गया । यदि बैंक उनकी मांगों को 31 मार्च तक नहीं मानता और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके लाभ नहीं देता तो एसबीआई वी आर एस 2017 एंप्लाइज एसोसिएशन सेक्टर 17 स्थित एसबीआई के स्थानीय मुख्य कार्यालय के समक्ष अप्रैल माह में शांतिपूर्वक धरना देगी। यह बात एसोसिएशन के प्रधान योगराज गर्ग ने प्रेस क्लब सेक्टर 27 चंडीगढ़ में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। इस दौरान उनके साथ एसोसिएशन के उप प्रधान रविन्द्र




मित्तल, सचिव बृज मोहन गोयल, सहसचिव कर्मवीर पूरी खजांची पवन कुमार गोयल व एग्जीक्यूटिव मेंबर हेमंत कुमार व राजेश पासी व अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।एसोसिएशन के प्रेसिडेंट योगराज गर्ग ने बताया कि वर्ष 2017 में भारतीय स्टेट बैंक में स्टेट बैंक ऑफ पटियाला व अन्य सहायक बैंको के विलय से पहले स्टेट बैंक ऑफ पटियाला ने एक सर्कुलर जारी किया जिसमें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को वे सभी लाभ व सुविधाएं देने का प्रलोभन दिया जो 60 वर्ष की उम्र पर सेवानिवृत कर्मचारियों को दिए जाते हैं । इस प्रलोभन से बैंक के 742 कर्मचारियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली । परंतु उनके बैंक के विलय के बाद भारतीय स्टेट बैंक ने वे सभी लाभ व सुविधाएं जो सर्कुलर में लिखी थीं उन्हें नहीं दी। सेवानिवृत्ति पर दिए जाने वाला उपहार दिया जाना चाहिए था, पूरे वर्ष का एंटरटेनमेंट भत्ता दिया जाना चाहिए था ,अवकाश नकदीकरण पर 23 दिनों का ब्याज दिया जाना चाहिए था, एक्स ग्रेसिया राशि में स्पेशल भत्ता व उसके उपर महंगाई भत्ता की गणना की जानी चाहिए थी। सेवा मुक्ति के बाद इच्छुक कर्मचारियोंको पुनः भर्ती के अवसर दिए जाने चाहिए थे जो नहीं दिए गए।

गुप्ता प्रॉपर्टी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
फ्लैट खरीदने व बेचने के लिए सम्पर्क करें
8222022228 9915752006

VIKRANT
PROPERTIES & DEVELOPERS
फैक्ट्री एवं फार्म हाउस की जमीन लेने के लिए सम्पर्क करें
Mob.: 8699176176